# ETHICAL VALUES IN TEACHING
# शिक्षण में नैतिक मूल्य

**Orientation Programme** for Newly Joined Contractual Teachers

Of 211 Rajkiya Degree Colleges under the Universities of Bihar

at

Bapu Sabhagar, Ghandhi Maidan, Patna

On 13.09.2026

**By**

**Prof. Vivekanand Singh**

**Vice-Chancellor, Purnea University**

# “शिक्षण में नैतिक मूल्य — Ethics in Teaching”

मेरे विचार से शिक्षक के लिए केवल यह प्रश्न महत्वपूर्ण नहीं है कि— “मैं क्या पढ़ाऊँ?”

इससे भी अधिक महत्वपूर्ण प्रश्न है— “मैं किस प्रकार का शिक्षक बनना चाहता हूँ?”

क्योंकि शिक्षा केवल Knowledge Transfer नहीं है।

शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य एक बेहतर मनुष्य का निर्माण करना है।

**Teaching is not only a profession; it is a moral Ethical responsibility.**

# शिक्षक: केवल पेशा नहीं, विश्वास का दायित्व (A Profession of Trust)

- एक शिक्षक समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण और सम्मानित स्थान रखता है।
- माता-पिता अपने बच्चों को हमारे पास इस विश्वास के साथ भेजते हैं कि हम उन्हें केवल विषय का ज्ञान नहीं देंगे, बल्कि **सही दिशा, संस्कार, आत्मविश्वास और जीवन-मूल्यों** से भी परिचित कराएँगे।
- विद्यार्थी वर्षों बाद हमारे द्वारा पढ़ाए गए प्रत्येक विषय को शायद याद न रखे, लेकिन वह यह अवश्य याद रखेगा कि उसके शिक्षक ने उसे **कितना Encourage किया, उसकी बात कितने धैर्य से सुनी, उसके साथ कितना Fairness का व्यवहार किया, और कठिन समय में उसका कितना मार्गदर्शन किया**।
- “शिक्षक की पहली पाठ्य-पुस्तक उसका अपना चरित्र है।”
- विद्यार्थी हमारे शब्दों से कम और हमारे Behavior से अधिक सीखते हैं।

# Integrity — शिक्षक की सबसे बड़ी पूँजी

- शिक्षण में सबसे महत्वपूर्ण नैतिक मूल्य है—**Integrity** अर्थात सत्यनिष्ठा।
- **Integrity** का अर्थ है—"**जब कोई हमें देख नहीं रहा हो, तब भी सही कार्य करना।**"
- एक शिक्षक की Integrity **कक्षा में, उपस्थिति में, परीक्षा में, मूल्यांकन में, शोध में, प्रकाशन में और विद्यार्थियों के साथ उसके व्यवहार** में दिखाई देती है।
- यदि हम विद्यार्थियों को ईमानदारी का पाठ पढ़ाएँ, लेकिन स्वयं उसका पालन न करें, तो विद्यार्थी हमारे शब्दों से नहीं, हमारे व्यवहार से सीखेंगे।
- **Our conduct is our most powerful teaching.**

# Fairness, Equality & Student Dignity

- हर विद्यार्थी सम्मान और समान अवसर का अधिकारी है।
- हमें **आर्थिक स्थिति, सामाजिक पृष्ठभूमि, लिंग, भाषा, क्षेत्र या किसी अन्य आधार पर भेदभाव नहीं** करना चाहिए।
- प्रतिभाशाली विद्यार्थी को प्रोत्साहन देना आवश्यक है, लेकिन कमजोर विद्यार्थी को और अधिक **Attention, Guidance and Support** देना हमारी जिम्मेदारी है।
- एक **शिक्षक की वास्तविक सफलता** इस बात से भी मापी जाती है कि—"**उसने कमजोर विद्यार्थी को कितना आगे बढ़ाया।**"
- प्रत्येक विद्यार्थी की Dignity का सम्मान करना भी आवश्यक है।
- **गलती करने पर विद्यार्थी को समझाएँ, लेकिन अपमानित न करें**।
- "**डर से विद्यार्थी चुप हो सकता है; सम्मान से विद्यार्थी सीखता है।**"

# Academic Integrity and Fair Evaluation

- हमारे विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की प्रतिष्ठा हमारी **Academic Integrity** पर निर्भर करती है।
- हमें **Plagiarism, नकल, शोध में अनैतिकता, गलत आँकड़ों, अनुचित प्रकाशन और परीक्षा संबंधी अनियमितताओं** से बचना होगा।
- किसी **विद्यार्थी को दिए गए अंक केवल अंक नहीं होते**, वे **उसके Higher Education, Scholarship, Employment और भविष्य के अवसरों** को प्रभावित कर सकते हैं।
- इसलिए मूल्यांकन होना चाहिए **- Fair, Transparent and Bias-Free**.
- **Marks should reflect performance, not personal relationships**.

# Punctuality and Professional Responsibility and Teacher as a Role Model

- नैतिकता केवल बड़े निर्णयों में दिखाई नहीं देती, यह हमारे रोजमर्रा के व्यवहार में भी दिखाई देती है।
- समय पर **कक्षा लेना, निर्धारित पाठ्यक्रम पूरा करना, प्रायोगिक कक्षाओं का संचालन करना, रिकॉर्ड सही रखना और परीक्षा संबंधी दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना**—ये सभी **Professional Ethics** के उदाहरण हैं।
- यदि कोई **शिक्षक नियमित रूप से कक्षा नहीं लेता, तो विद्यार्थी का मूल्यवान Learning Time नष्ट होता है**।
- **Punctuality is not merely a habit; it is respect for students.**
- विद्यार्थी केवल हमारी बातें नहीं सुनते, वे हमें देखते भी हैं।
- वे देखते हैं कि हम **कैसे बोलते हैं, सहकर्मियों और कर्मचारियों के साथ कैसे व्यवहार करते हैं, असहमति होने पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं, अपनी गलती स्वीकार करते हैं या नहीं और नियमों का सम्मान करते हैं या नहीं**।
- **Teacher's life itself is a living textbook.**
- हम विद्यार्थियों को केवल **शब्दों से नहीं, बल्कि अपने Character and Conduct** से मूल्य सिखाते हैं।

# Confidentiality, Social Responsibility and Constitutional Values

- आज **के Digital Age** में शिक्षकों के पास विद्यार्थियों की अनेक व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक सूचनाएँ होती हैं।
- इन सूचनाओं की **Confidentiality बनाए रखना हमारी Professional Responsibility** है।
- संवेदनशील जानकारी को अनावश्यक रूप से **Social Media या अन्य अनौपचारिक माध्यमों** पर साझा नहीं किया जाना चाहिए।
- **Academic Freedom** महत्वपूर्ण है, लेकिन इसका अर्थ **Institutional Discipline से स्वतंत्रता नहीं** है।
- मतभेद का समाधान **Dialogue, Facts, Reason and Institutional Procedure** के माध्यम से होना चाहिए।
- "**असहमति लोकतंत्र की शक्ति है; अनुशासन संस्था की शक्ति है**।"
- शिक्षक की जिम्मेदारी केवल कक्षा तक सीमित नहीं है। हमें विद्यार्थियों में **Justice, Liberty, Equality and Fraternity** जैसे **Constitutional Values** के प्रति **सम्मान विकसित** करना है।
- हमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन, विविधता के प्रति सम्मान, सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और Responsible Citizenship की भावना विकसित करनी है।
- हमारा उद्देश्य केवल Degree Holders तैयार करना नहीं है। हमारा उद्देश्य Responsible and Enlightened Citizens तैयार करना है।

# Artificial Intelligence के युग में शिक्षक की नैतिक जिम्मेदारी

- आज शिक्षा एक नए युग में प्रवेश कर रही है।
- Artificial Intelligence—AI हमारे लिए एक उपयोगी Assistant बन सकता है।
- यह **Lesson Planning, Teaching Material, Research और Data Analysis** में सहायता कर सकता है।
- लेकिन हमें सावधान रहना होगा, हमें स्वयं से पूछना होगा—**क्या जानकारी सही है? क्या स्रोत विश्वसनीय है? क्या कार्य मौलिक है? क्या किसी की Privacy प्रभावित तो नहीं हो रही है?**
- इसलिए **भविष्य का शिक्षक केवल AI-enabled Teacher नहीं, बल्कि AI-ethical Teacher भी होना चाहिए**।
- **Technology हमें सक्षम बनाती है, लेकिन Ethics हमें सही दिशा देती है**।

# Lifelong Learning and नवनियुक्त शिक्षकों के लिए संदेश

- ज्ञान लगातार बदल रहा है, **Technology बदल रही है, समाज बदल रहा है, विद्यार्थियों की अपेक्षाएँ बदल रही हैं, इसलिए शिक्षक को भी लगातार सीखना होगा।**
- **पुस्तकें पढ़ें, शोध-पत्र पढ़ें, प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं में भाग लें, Research करें और अपने सहकर्मियों से सीखें।**
- **A teacher who stops learning gradually loses the ability to inspire learners.**
- एक शिक्षक को जीवनभर **Learn and Relearn** करते रहना चाहिए।
- मेरे प्रिय **नवनियुक्त शिक्षकगण**, आप अपने व्यावसायिक जीवन के एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर हैं।
- अपनी **संविदा नियुक्ति को केवल एक Job के रूप में न देखें, इसे अपनी Capability, Commitment, Knowledge and Ethical Values** को **प्रदर्शित करने का अवसर** समझें।
- आपकी **वास्तविक पहचान** केवल इस बात से नहीं होगी कि **आपने कितनी कक्षाएँ लीं,** बल्कि **आपने कितने विद्यार्थियों को प्रेरित किया, कितने विद्यार्थियों की सहायता की, कितना ज्ञान अर्जित और सृजित किया, कितनी ईमानदारी दिखाई और अपने महाविद्यालय के विकास में कितना योगदान दिया।**
- **"आपकी नियुक्ति Contractual हो सकती है, लेकिन शिक्षा के प्रति आपकी Commitment स्थायी होनी चाहिए।"**

# दस सूत्रीय नैतिक संकल्प

1. अपने शिक्षण दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और Punctuality के साथ करूँगा/करूँगी।
2. प्रत्येक विद्यार्थी के साथ सम्मान और Equality का व्यवहार करूँगा/करूँगी।
3. किसी भी विद्यार्थी के साथ Discrimination नहीं करूँगा/करूँगी।
4. Academic Integrity और Honesty को सर्वोच्च प्राथमिकता दूँगा/दूँगी।
5. विद्यार्थियों का मूल्यांकन Fair, Transparent and Objective तरीके से करूँगा/करूँगी।
6. विद्यार्थियों की Dignity, Privacy and Professional Boundaries का सम्मान करूँगा/करूँगी।
7. विश्वविद्यालय एवं संस्थागत नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करूँगा/करूँगी।
8. अपने ज्ञान और शिक्षण कौशल को Lifelong Learning के माध्यम से निरंतर विकसित करूँगा/करूँगी।
9. Technology और Artificial Intelligence का जिम्मेदारी एवं नैतिकता के साथ उपयोग करूँगा/करूँगी।
10. ऐसा शिक्षक बनने का प्रयास करूँगा/करूँगी जिसका Character and Conduct उसके विद्यार्थियों को उतना ही प्रेरित करे जितना उसका शिक्षण।

***"A good teacher teaches, a great teacher inspires, but an ethical teacher transforms lives."***

# समापन

- उच्च शिक्षा का भविष्य केवल नई इमारतों, प्रयोगशालाओं, Smart Classrooms या Digital Technology से निर्धारित नहीं होगा, ये सभी आवश्यक हैं, लेकिन अंततः शिक्षा की गुणवत्ता निर्भर करती है—**शिक्षक की गुणवत्ता और उसके चरित्र पर**।
- हमारे पास **सर्वोत्तम तकनीक हो सकती है, लेकिन Ethics के बिना उसका दुरुपयोग** हो सकता है।
- हमारे पास उत्कृष्ट Infrastructure हो सकता है, लेकिन Commitment के बिना उसका पूरा लाभ नहीं मिल सकता।
- हमारे पास प्रतिभाशाली विद्यार्थी हो सकते हैं, लेकिन अच्छे शिक्षक के बिना उनकी प्रतिभा को सही दिशा नहीं मिल सकती।
- इसलिए हमें ऐसी शैक्षणिक संस्कृति विकसित करनी होगी जहाँ—Excellence और Ethics साथ-साथ चलें; Knowledge के साथ Values दिए जाएँ; Authority के साथ Accountability हो; और Freedom के साथ Responsibility हो।
- **"मेरे शिक्षक ने मुझे केवल एक विषय नहीं पढ़ाया; उन्होंने मुझे एक बेहतर इंसान बनना सिखाया।"**
- मेरे प्रिय शिक्षकगण, आपकी यात्रा प्रारंभ हो रही है। ज्ञान के साथ शिक्षण करें, सत्यनिष्ठा के साथ आचरण करें, करुणा के साथ नेतृत्व करें, अनुशासन के साथ कार्य करें और Education as a Service को अपना सर्वोच्च दायित्व मानें।

मैं आप सभी को आपके नए दायित्व के लिए पुनः हार्दिक बधाई देता हूँ और आपके उज्ज्वल, सफल एवं सार्थक शिक्षक जीवन की शुभकामनाएँ देता हूँ। माननीय कुलाधिपति महोदय एवं सभी माननीय कुलपतिगण की गरिमामयी उपस्थिति और मार्गदर्शन के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

**बहुत-बहुत धन्यवाद।**

**जय हिंद!  जय बिहार!**